पंजाब केसरी 21/02/2026

बहुभाषी रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता में डिपल प्रथम

अम्बाला छावनी, 20 फरवरी (पंकेस): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला कैंट के अंग्रेजी विभाग द्वारा इंग्लिश लिटरेरी क्लब तथा हिंदी, पंजाबी और संस्कृत विभागों के सहयोग से रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को कहानी एवं कविता की श्रेणियों में मौलिक रचनाएं प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनात्मकता को प्रोत्साहित करना, उनकी लेखन क्षमता का विकास करना तथा बहुभाषी अभिव्यक्ति को बढ़ावा देना था। इसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निर्णायक मंडल में डॉ. अमित, डॉ. अंशु और डॉ. नीना ने निष्पक्ष रूप से मूल्यांकन किया।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने अपने संदेश में कहा कि रचनात्मक लेखन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है। यह न केवल उनकी अभिव्यक्ति क्षमता को निखारता है, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी सुदृढ़ करता है।

प्रतियोगिता की संयोजिका डॉ. कमलेश कुमारी ने कहा कि विद्यार्थियों की रचनाओं में कल्पनाशीलता, संवेदनशीलता और सामाजिक सरोकार स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुए। इस प्रतियोगिता ने उनकी सृजनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान किया है और हमें विश्वास है कि वे भविष्य में साहित्य के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां प्राप्त करेंगे।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान डिंपल, द्वितीय स्थान मुस्कान, तृतीय स्थान सिमरन कौर तथा सांत्वना पुरस्कार रीतिक को प्राप्त हुआ। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग से डॉ. अमित, डॉ. ज्योति, डॉ. अंशु, डॉ. नीना, महक तथा हिंदी विभाग से डॉ. रितु गुप्ता उपस्थित रहे। यह आयोजन विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और साहित्यिक संस्कृति को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित अध्यापिकाएं। (चंद्रमोहन)